INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.
(A Govt. of India Enterprise-Mini Ratna)
CIN: L74899DL1999GOI101707
Website: www.irctc.com, Email: info@irctc.com

प्रेस विज्ञप्ति

आईआरसीटीसी कराएगी "श्री रामायण यात्रा, अयोध्या से रामेश्वरम् तक"

- **स्वदेश दर्शन के अंतर्गत चिन्हित रामायण सर्किट ट्रेन पर प्रभु श्री राम के जीवन से जुड़े स्थलों के पर्यटन के लिए आईआरसीटीसी की अनूठी योजना**
- **अयोध्या से रामेश्वरम् तक तीर्थ स्थलों का भ्रमण कराएगी "श्री रामायण यात्रा"**
- **आधुनिक सुविधाओं से युक्त "देखो अपना देश" डीलक्स एसी पर्यटक ट्रेन द्वारा पहली यात्रा 7 नवम्बर को दिल्ली से**
- **"भारत दर्शन" व "धार्मिक स्पेशल" जैसी अन्य लोकप्रिय पर्यटक ट्रेनों को भी देश के कई क्षेत्रों से चलाने की योजना तैयार**
- **नवम्बर माह में मदुरै, पुणे, श्री गंगानगर और अहमदाबाद से रवाना होंगी पर्यटक गाड़ियाँ**
- **दो बजट श्रेणी के यात्रियों के लिए किराया मात्र 900/ रुपये प्रति व्यक्ति स्लीपर, रुपये 1500/ प्रति व्यक्ति 3 एसी**

नई दिल्ली, 04.10.2021

सर्वाधिक लोकप्रिय यात्रा

"श्री रामायण यात्रा", आईआरसीटीसी द्वारा चलायी जाने वाली पर्यटक ट्रेनों का सर्वाधिक लोकप्रिय यात्रा कार्यक्रम है। आईआरसीटीसी ने कोविड महामारी की धीरे-धीरे सामान्य हो रही परिस्थितियों को देखते हुए "श्री रामायण यात्रा" की योजना बनाई है। आधुनिक साज-सज्जा से परिपूर्ण "देखो अपना देश" डीलक्स एसी पर्यटक ट्रेन 7 नवम्बर 2021 को नई दिल्ली से चलने जा रही है। इस ट्रेन में एसी प्रथम व द्वितीय श्रेणी की सीटें हैं, तथा कुल 156 यात्रियों के पर्यटन करने की व्यवस्था है। इस प्रस्तावित पर्यटक ट्रेन की सभी सीटें पर्यटकों द्वारा आरक्षित कराई जा चुकी हैं।

यात्रा कार्यक्रम, प्रति व्यक्ति किराया

पर्यटकों की लगातार आ रही मांग व हर आय वर्ग को ध्यान में रखते हुए बजट व टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह यात्रा प्रारम्भ की जाने की योजना है। श्री राम के जीवन से जुड़ी इस श्री रामायण यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए आईआरसीटीसी द्वारा लोकप्रिय 'भारत दर्शन'/ 'पिलग्रिम स्पेशल'/ 'आस्था सर्किट' ट्रेन है। इन ट्रेनों में स्लीपर, 3 एसी श्रेणी की सुविधा उपलब्ध है। स्लीपर श्रेणी के लिए मात्र 900/ रुपये एवं 3 एसी श्रेणी के लिए1500/ रुपये प्रतिदिन किराया निर्धारित किया गया है। इन सभी पर्यटक ट्रेनों में यात्रियों को ट्रेन यात्रा के अतिरिक्त शाकाहारी भोजन, ठहरने की व्यवस्था, टूर गाइड एवं बसों द्वारा भ्रमण भी इस टूर के तहत आईआरसीटीसी चलाने जा रही है।

श्री रामायण यात्रा के अंतर्गत अयोध्या, नंदीग्राम, सीतामढ़ी, जनकपुर (नेपाल) श्रृंगवेरपुर, चित्रकूट, नासिक, हम्पी व रामेश्वरम आदि अति महत्वपूर्ण तीर्थ-स्थलों का दर्शन भी शामिल किया गया है। यह पर्यटक ट्रेन देश के विभिन्न भागों से चलाई जाएगी। नवम्बर माह में इन ट्रेनों का सञ्चालन मदुरै, पुणे, श्री गंगानगर व अहमदाबाद से प्रारम्भ होंगी।

विशेष पर्यटक ट्रेन "श्री रामायण यात्रा की योजना" आईआरसीटीसी द्वारा बनाई गई है:, जो यहाँ उल्लेखित है-

- **16.11.2021 से 27.11.2021, प्रति व्यक्ति किराया मात्र- 11,340 / रुपये**
- **25.11.2021 से 11.12.2021, प्रति व्यक्ति किराया मात्र- 16,065/ रुपये**
- **27.11.2021 से 04.12.2021, प्रति व्यक्ति किराया मात्र- 7,560 / रुपये**

यात्रियों की सुरक्षा हेतु

इन ट्रेनों में कोविड-19 के बाद सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने के लिए, 18 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के मेहमानों के लिए कोविड-19 टीका करण अनिवार्य है। इसके अलावा, आईआरसीटीसी सभी पर्यटकों को फेस मास्क, हैंड ग्लव्स और सैनिटाइज़र रखने के लिए एक सुरक्षा किट भी प्रदान करेगा।

संपर्क सूत्र:

"श्री रामायण यात्रा" की अधिक जानकारी के लिए आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट: https://www.irctctourism.com पर जा सकते हैं, जहाँ टिकट बुकिंग की सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध है।